# एन सी बी
# दर्पण

NATIONAL COUNCIL FOR CEMENT AND BUILDING MATERIALS

NCB

न हि ज्ञानेन सदृशं


## राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद

34 कि.मी. स्टोन, दिल्ली–मथुरा रोड (एनएच–2), बल्लबगढ़–121 004, हरियाणा

# एन सी बी हिंदी कार्यान्वयन समिति

बाएं से दायें : श्रीमती रश्मि गुप्ता, श्रीमती पूनम कनौजिया, श्रीमती यशिका भारद्वाज, श्रीमती नीरज कौशिक, श्री अभिषेक अग्निहोत्री (अध्यक्ष), डॉ बी एन महापात्र (महानिदेशक), श्रीमती मिथलेश शर्मा (अधिकारी), श्री हरे कृष्ण शर्मा, श्री राजीव कौशिक, श्री नरेंद्र सिंह, श्री इम्तियाज खान

*संपादक मंडल :*
*श्री अभिषेक अग्निहोत्री*
*श्रीमती रश्मि गुप्ता*
*श्रीमती पूनम कनोजिया*
*श्रीमती यशिका भारद्वाज*
*श्रीमती नीरज कौशिक*

"जिस देश को अपनी भाषा और अपने साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं है, वह उन्नत नहीं हो सकता।"

— देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

बनावट एवं साज–सज्जा :
श्री अभिषेक अग्निहोत्री,
श्री इम्तियाज खान

महानिदेशक
राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद

## सन्देश

किसी भी राष्ट्र की पहचान उसकी भाषा और उसकी संस्कृति से होती है हिंदी भाषा हमारे देश की धरोहर है। हिंदी भाषा भारत की संवैधानिक राजभाषा है। हिंदी भाषा का प्रयोग हीनता नहीं अपितु गौरव का प्रतीक है।

हिंदी भाषा विश्व की तीसरी और भारत में यह सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा बनने के लिए उसमें सर्वव्यापकता, प्रचुर साहित्य रचना, बनावट की दृष्टि से सरलता और वैज्ञानिकता सब प्रकार के भाव को प्रकट करने का सामर्थ्य आदि गुण होने अनिवार्य है यह सभी गुण हिंदी भाषा में है। अगर हिंदी का विकास करना है तो लोगों को दूसरी भाषाओं को छोड़कर अपनी देश की राजभाषा को स्वीकार करना पड़ेगा। जिस तरह हम अपने तिरंगे का सम्मान करते हैं उसी प्रकार अपने देश की राजभाषा को भी सम्मान देना चाहिए।

एन.सी.बी. राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा वर्ष भर हिंदी के प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। हिंदी प्रतियोगिताएं, हिंदी कार्यशालाओं और विचार – संगोष्ठियों का आयोजन करके राजभाषा के प्रचार–प्रसार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

एन.सी.बी. हिंदी कार्यान्वयन समिति कार्यालय में हिंदी के प्रचार प्रसार के लिये पूरी सत्य निष्ठा से प्रयासरत है। मेरा प्रयास है कि कार्यालय में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग हो सके। मेरा हिंदी राजभाषा समिति के सभी सदस्यों से आग्रह है कि हिंदी का निरंतर प्रयोग बढाने में अपना पूर्ण योगदान दें।

मैं एन.सी.बी. दर्पण के प्रथम अंक के सफल प्रकाशन के लिये हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ और आशा करता हूँ कि हम इसी प्रकार राजभाषा के प्रचार–प्रसार को बढावा देते हुये राजभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग बढाने हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे।

आइए हम सब मिलकर यह सिद्ध करें कि राजभाषा हिंदी जन–जन की भाषा बनकर देश की प्रगति में अपना योगदान देगी।

शुभकामनाओं सहित

बीबेकानन्द महापात्र
डॉ बीबेकानंद महापात्र

# संपादकीय

राष्ट्र अपनी राष्ट्रभाषा के बिना गूंगा है हमारे देश में हिंदी एकमात्र भाषा है जो राष्ट्र की वाणी है और राष्ट्र की अस्मिता की प्रतीक है।

हिंदी की महत्ता तभी स्थापित हो गई थी जब वह स्वाधीनता संग्राम के समय समूचे देश को आपस में जोड़ने वाली सबसे सशक्त संपर्क भाषा बन गई थी। उस दौर के सभी नेताओं का मानना था कि अगर कोई भारतीय भाषा देशवासियों को एकजुट करने में सहायक बन सकती है तो वह हिंदी ही है। हिंदी की सामर्थ्य को गांधी जी ने भी समझा और नेता जी सुभाषचंद्र बोस ने भी। आचार्य बिनोवा भावे ने कहा था कि यदि मैंने हिंदी का सहारा न लिया होता तो कश्मीर से कन्याकुमारी और असम से केरल तक के गांव–गांव में जाकर मैं भूदान, ग्राम–दान का संदेश जनता तक न पहुंचा पाता।

हिंदी ने राष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त किया एवं यह भी बोध कराया कि भारत का विकास और राष्ट्रीय एकता की रक्षा प्रादेशिक भाषाओं के पूर्ण विकास से ही संभव है। हिंदी में वह शक्ति है कि वह अपने माध्यम से भारत को जोड़ सके। हिंदी को अपना स्थान अभी भी हासिल करना है। उसे इस मिथ्या धारणा को भी तोड़ना है कि विकास की भाषा तो अंग्रेजी ही है। अगर अंग्रेजी सचमुच विकास की भाषा होती तो पहले जापान और फिर जर्मनी और चीन ने अपनी भाषा में चमत्कारिक प्रगति न हासिल की होती।

एन.सी.बी. दर्पण का प्रथम अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है जिसमें साहित्य, संस्कृति, तकनीकी और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न विषयों पर विविध प्रकार की ज्ञानवर्धक और रोचक सामग्री समाहित करने का प्रयास किया गया है आशा है। कि सभी पाठकों को यह अंक पसंद आएगा।

इस पत्रिका को और अधिक उपयोगी, ज्ञानवर्धक और रोचक बनाने के लिए हमें आपके सुझावों और प्रतिक्रियाओं की प्रतीक्षा रहेगी।

अभिषेक अग्निहोत्री

अध्यक्ष – एन.सी.बी. राजभाषा कार्यान्वयन समिति

# एनसीबी का परिचय

राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् (एनसीबी), भारत के सीमेंट अनुसंधान संस्थान (सीआरआई) 24 दिसंबर 1962 को सीमेंट और निर्माण सामग्री व्यापार और उद्योग से जुड़े अनुसंधान और वैज्ञानिक कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था

आज, एनसीबी प्रौद्योगिकी विकास, स्थानांतरण, सतत् शिक्षा और सीमेंट और निर्माण उद्योगों के लिए औद्योगिक सेवाओं के लिए भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में प्रमुख संस्था है। सरकार सीमेंट उद्योग की वृद्धि और विकास से संबंधित अपनी नीति और योजना गतिविधियों के निर्माण के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए एनसीबी नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। यह देश में सीमेंट और कंक्रीट के उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए समर्पित है। एनसीबी के हितधारक सरकार, उद्योग और समाज हैं, जो राष्ट्रीय जिम्मेदारी का निर्वहन करने, क्रमशः पर्याप्त तकनीकी सहायता प्रदान करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में एनसीबी की भूमिका को समझते हैं।

भौगोलिक रूप से, एनसीबी का अपना सामाजिक केंद्र और मुख्य प्रयोगशालाएँ बल्लबगढ़ (नई दिल्ली के पास) में स्थित हैं; अन्य स्थापित क्षेत्रीय केंद्र, हैदराबाद, अहमदाबाद (गुजरात) और भुवनेश्वर (ओडिशा) में इकाइयाँ है। एनसीबी बल्लबगढ़, हैदराबाद और अहमदाबाद की इकाइयाँ आईएसओ 9001:2015 प्रमाणित हैं।

एनसीबी के सीमेंट निर्माण और उपयोग के पूरे स्पेक्ट्रम पर कार्य अवधि के क्षेत्रों – प्रक्रियाओं, मशीनरी, विनिर्माण पहलुओं, ऊर्जा और पर्यावरण संबंधी कारणों के माध्यम से वास्तविक निर्माण, सामग्री की निगरानी में अंतिम उपयोग के लिए कच्चे माल की भूवैज्ञानिक अन्वेषण के साथ शुरू और इमारतों और संरचनाओं का पुनर्वास। एनसीबी आईएसओ 17025 मान्यता प्राप्त परीक्षण और अंशांकन सेवाएं, आईएसओ 17043 मान्यता प्राप्त प्रवीणता परीक्षण (पीटी) सेवाएं और आईएसओ 17020 मान्यता प्राप्त निरीक्षण सेवाएं प्रदान करता है। यह प्रमाणित संदर्भ सामग्री (सीआरएम) सीमेंट और निर्माण क्षेत्र को विकसित और आपूर्ति करता है। मानव संसाधन विकास के लिए, अल्पावधि और दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से सीमेंट, कंक्रीट, और निर्माण सामग्री क्षेत्र में प्रशिक्षण सेवाएँ प्रदान करता है। सीमेंट प्रौद्योगिकी में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीबी औद्योगिक सूचना सेवाओं के क्षेत्र में, सीमेंट, कंक्रीट और निर्माण सामग्री पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करता है। अब तक इस सेमिनार के 16 संस्करण आयोजित किए हैं। एनसीबी की सभी गतिविधियाँ छह केन्द्रों द्वारा संचालित होती हैं:

सीमेंट अनुसंधान और स्वतंत्र परीक्षण (सीआरटी)– सीमेंट और अन्य बाइंडरों, अपशिष्ट उपयोग, दुर्दम्य और सिरामिक, मौलिक और बुनियादी अनुसंधान के क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधि के लिए केंद्र जिम्मेदार है। केंद्र सीमेंट और सीमेंट सामग्री और अन्य निर्माण सामग्री की परीक्षण गतिविधियों को भी देखता है।

खनन, पर्यावरण, संयंत्र इंजीनियरिंग और संचालन केंद्र (सीएमई)– भूविज्ञान, खनन और कच्चे माल, पर्यावरण प्रबंधन, प्रक्रिया उपयोग और उत्पादकता, ऊर्जा प्रबंधन, संयंत्र रखरखाव और परियोजना इंजीनियरिंग और सिस्टम डिजाइनिंग के क्षेत्र में केंद्र अपनी गतिविधि करता है।

**निर्माण विकास एवं अनुसंधान केंद्र (सीडीआर)–** संरचनात्मक मूल्यांकन और पुनर्वास, कंक्रीट प्रौद्योगिकी, निर्माण प्रौद्योगिकी और प्रबंधन और संरचनात्मक अनुकूलन और डिजाइन के क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों के लिए केंद्र जिम्मेदार है।

**गुणवत्ता प्रबंधन, मानक एवं अंशांकन सेवा केंद्र (सीक्यूसी)–** प्रवीणता परीक्षण, मानकों संदर्भ सामग्री, अंशांकन सेवाओं और कुल गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में केंद्र उद्योग को सेवाएं प्रदान करता है।

**औद्योगिक सूचना सेवा केंद्र (सीआईएस)–** सीआईएस आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है। एनसीबी के प्रकाशनों, सेमिनारों और सम्मेलनों, अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय संपर्क और छवि निर्माण का काम भी केंद्र देखता है।

**सतत् शिक्षा सेवा केंद्र (सीसीई)–** सीमेंट, कंक्रीट और निर्माण के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की आवश्यकता आधार, उद्योग–उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र आयोजित करता है।

उपरोक्त छह सामाजिक केंद्रों की तकनीकी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए एनसीबी के पास निम्नलिखित चार सेवा समूह हैं।

**वित्त एवं लेखा (एफएएस) –** दिन–प्रतिदिन की वित्तीय गतिविधियों के प्रबंधन के लिए एफएएस जिम्मेदार है

**मानव संसाधन और प्रशासनिक सेवा (एचआरएस) –** एचआरएस–जीईएन परिवहन के बुनियादी ढांचे और एचआरएस–पीईआर मानव संसाधन गतिविधि जैसे कि भर्ती, पदोन्नति, मूल्यांकन आदि प्रदान करता है।

**एस्टेट प्रबंधन और तकनीकी सेवाएं (ईटीएस)–** ईटीएस द्वारा कार्यक्षेत्र, उपयोगिताओं, उपकरण और संचार प्रौद्योगिकी अवसंरचना जैसे संसाधनों सहित बुनियादी ढांचे को बनाए रखा जाता है।

**सामग्री प्रबंधन सेवाएं (एमएमएस) –** एमएमएस संगठन के विभिन्न विभागों की आवश्यकताओं के अनुसार कच्चे माल सहित उपकरणों की खरीद के लिए जिम्मेदार है।

# हिन्दी पखवाडा समारोह

## 'हिन्दी पखवाड़ा – रिपोर्ट'

समारोह का आयोजन 'राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् (एनसीबी) में गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिन्दी पखवाड़े का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ 13–27 सितम्बर 2019 के दौरान आयोजित किया गया। इस पखवाड़े का शुभारंभ 13 सितम्बर 2019 को संयुक्त निदेशक व इकाई प्रभारी–बल्लबगढ़ श्री आशुतोष सक्सेना जी द्वारा उद्घाटन भाषण के साथ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर संस्थान के कर्मचारियों के अतिरिक्त एनसीबी राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार तथा अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। अपने उदघाटन भाषण में श्री सक्सेना ने सभी कर्मचारियों से निवेदन किया कि सभी लोग पूरे पखवाड़े अपने स्तर पर अधिकतम सरकारी कार्य हिन्दी में करें। राष्ट्र भाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार तथा संस्थान में हिन्दी के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से पखवाड़े के दौरान 05 हिन्दी प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी थीं। जिनमे श्रुतलेखन व टिप्पणी लेखन, निबंध लेखन, हिन्दी शब्दकोश, स्वविचार और अनुवाद प्रतियोगिताएं शामिल थीं।

हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए श्री आशुतोष सक्सेना जी ने हिन्दी की लोकप्रियता और आवश्यकता की चर्चा करते हुए इस बात पर बल दिया की हमें हिन्दी को अपनी दैनिक दिनचर्या में ज्यादा से ज्यादा लागू करना चाहिए, खासकर वे जो गैर–हिन्दी भाषी क्षेत्र से संबंध रखते हैं। उन्होने संस्थान में जारी हिन्दी राजभाषा समिति के कार्यों से संतोष व्यक्त किया तथा पदाधिकारियों का धन्यवाद किया। उन्होने संस्थान में शीघ्र ही हिन्दी लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रति जागरूकता पर पूर्ण आश्वस्तता व्यक्त की। हिन्दी पखवाड़ा शुभारंभ के अवसर पर राजभाषा समिति के अध्यक्ष श्री विनोद कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किए तथा उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों के समक्ष रेल और वाणिज्य उद्योग मंत्री, भारत सरकार, माननीय श्री पीयूष गोयल जी का हिन्दी दिवस पर प्राप्त संदेश पढ़कर सुनाया। इसके साथ पखवाड़े के आयोजन और सहयोग के लिए महानिदेशक डा. बी एन महापात्र जी एवं श्री सक्सेना जी का आभार प्रकट किया। श्री कुमार ने आगे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया और पुरस्कारों की जानकारी प्रदान की।

27 सितम्बर 2019 को 'हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह' पूरे हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के अतिरिक्त महानिदेशक डा. बी एन महापात्र ने स्वयं भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ और श्री विनोद कुमार ने सर्वप्रथम महानिदेशक डा. महापात्र जी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए उनका आभार जताया। तत्पश्चात, श्री कुमार ने माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी का हिन्दी दिवस पर प्राप्त संदेश को पढ़ा तथा हिन्दी पखवाड़े के आयोजन पर समीक्षा और अध्यक्षीय भाषण पेश किया। इसके बाद श्रीमति मिथलेश शर्मा, हिन्दी अधिकारी द्वारा एनसीबी में हिन्दी की गतिविधियों व कार्यकलापों का व्यौरा पेश किया।

हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह के आयोजन पर एक अन्य स्वविचार प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें 11 कर्मचारियों व अधिकारियों ने हिन्दी में अपनी रोचक प्रस्तुतियाँ दीं और जिसका मूल्यांकन संस्थान के तीन वरिष्ठ अधिकारियों के निर्णायक मण्डल द्वारा किया गया। सभी पाँच प्रतियोगिता के विजेताओं को एनसीबी दिवस 2019 के अवसर पर महानिदेशक अथवा मुख्य अतिथि द्वारा समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। उन सभी लोगों को भी सांत्वना / प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिये जाने का प्रस्ताव है, जिन्होने कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभागिता दी है। अपने समापन भाषण में महानिदेशक डा. महापात्र ने कर्मचारियों तथा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यालय में हिन्दी के प्रचार–प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया और इस बात पर बल दिया की हमें हिन्दी को प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करके राष्ट्र के उत्थान में भागीदार बनना चाहिए। महानिदेशक ने एनसीबी में दिन प्रतिदिन बढ़ती हुई हिन्दी गतिविधियों और कार्यालयी हिन्दी

प्रयोग में हो रही बढ़ोतरी पर हिन्दी समिति के सदस्यों का आभार जताया। उन्होने कहा की हम शीघ्र ही संस्थान में राजभाषा की उन्नति के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। उन्होने अपने वरिष्ठ सहयोगियों से भी हिन्दी में अधिकतम कार्य निष्पादन की अपील की। गैर हिन्दी क्षेत्रों की चर्चा करते हुए बताया कि मैं स्वयं गैर हिन्दी भाषी उड़ीसा प्रांत से ताल्लुक रखता हूँ, किन्तु एनसीबी में आने के बाद अब मुझे हिन्दी बोलने और बातचीत करने में कोई असुविधा नहीं होती और हमारा व्यक्तिगत संपर्क काफी बढ़ा है। जिससे हमारी उत्पादकता बढ़ेगी। महानिदेशक महोदय ने विश्वास दिलाया कि संस्थान में हिन्दी कि प्रगति को पूर्ण प्रोत्साहन दिया जाएगा और किसी भी प्रकार कि कमी इसमें बाधक नहीं होगी। अपने कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए उन्होने अपने भाषण में कहा कि हमें पूरे वर्ष हिन्दी के कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए ताकि नयी – नयी प्रतिभाएँ सामने आ सकें। अंत में श्री मोहम्मद इकबाल ने धन्यवाद प्रस्ताव देकर सभी के सहयोग का आभार प्रकट किया और कार्यक्रम के समाप्ति कि घोषणा की। कुल मिलाकर पखवाड़े का सारा आयोजन काफी सरल एवं उत्साहवर्धक रहा।

# हिंदी पत्राचार की स्थिति

## हिन्दी भाषा अधिनियम के तहत 'क', 'ख', 'ग' क्षेत्र में पत्राचार का वस्तुस्थिति

भारत सरकार ने कार्यालयों को क्षेत्रीय स्तर पर 'क', 'ख' और 'ग' में बाँटा है और उसके लिये सभी कार्यालय के पत्राचार हेतु लक्ष्य निर्धारित किये गये है। एन.सी.बी. ने पिछली तीन तिमाही के विभिन्न क्षेत्रो में निर्धारित लक्ष्य को बहुत ही उत्साहपूर्ण परिणाम प्राप्त किये है जिनका विवरण नीचे दिया जा रहा है

''क' क्षेत्र पत्राचार की स्थिति




'ख' क्षेत्र पत्राचार की स्थिति




'ग' क्षेत्र पत्राचार की स्थिति



# प्रतियोगिताओं के विजेता

हिंदी पखवाड़े में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता

## स्वविचार प्रतियोगिता

श्री कपिल कुकरेजा – प्रथम

श्री अंकुर अवस्थी – द्वितीय

## शब्द–कोश प्रतियोगिता


श्री इम्तियाज़ खान – प्रथम


श्रीमती नीरज कौशिक – द्वितीय

## श्रुतलेखन व टिपण्णी लेखन प्रतियोगिता


डॉ पिंकी पांडे – प्रथम

श्रीमती मेघना वर्मा – द्वितीय

## अनुवाद प्रतियोगिता

श्री अंकुर अवस्थी – प्रथम


श्रीमती अनुप्रित राणा – द्वितीय

## निबंध लेखन प्रतियोगिता

श्रीमती मेघना वर्मा – प्रथम


कुमारी चारू बजाज – द्वितीय

# राजभाषा नीति और कार्यान्वयन पर कार्यशाला

## राजभाषा नीति और कार्यान्वयन पर कार्यशाला

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन तथा महानिदेशक के निर्देशन में, एन सी बी कार्यान्वयन समिति द्वारा गत वर्ष तीन कार्यशालाएं आयोजित की गई।

डॉ राजबीर सिंह, महाप्रबंधक (एनएचपीसी) राजभाषानीति और राजभाषा कार्यशाला पर जानकारी देते हुए (15 फरवरी, 2019)

श्री केवल कृष्ण, सेवानिवृत्त राजभाषा गृह मंत्रालय द्वारा हिन्दी में उपलब्ध कंप्यूटर साधित सॉफ्टवेर व नवीनतम जानकारी देते हुए (03 जुलाई 2019)

श्री नरेश कुमार पूर्व उपमहाप्रबंधक, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा दैनिक कार्यो में हिन्दी के उपयोग में आने वाली कठिनाइयों का समाधा, राजभाषा नीति का अनुपालन, टिप्पणी लेखन और इससे जुड़ी अन्य जानकारी देते हुए (04 जुलाई 2019)

# महानिदेशक साक्षात्कार – विश्वमुक्ति पत्रिका में प्रकाशित

राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद (एनसीबी), बल्लबगढ़
सीमेंट और भवन निर्माण सामग्री अनुसंधान में एक अग्रणी राष्ट्रीय संस्था

फ़रीदाबाद हरियाणा में राष्ट्रीय राजमार्ग–2 पर बल्लबगढ़ में स्थित राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद (एनसीबी), एक बहुआयामी केंद्र, जो अपनी स्थापना के वर्ष 1962 से ही लगातार सीमेंट व भवन सामग्री उद्योग को अपनी सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन यह वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन पूरी निष्ठा और लगन से सीमेंट तथा भवन निर्माण क्षेत्र को अपनी अनुसंधान, तकनीकी विकास और हस्तांतरण, सतत् शिक्षा, परीक्षण, मानकीकरण व गुणवत्ता नियंत्रण जैसी सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है।

राष्ट्रीय स्तर के इस संगठन की गतिविधियां वर्तमान में मुख्य तौर पर बल्लबगढ़, हैदराबाद, अहमदाबाद इकाइयों द्वारा संचालित होती हैं। जिसका केंद्र बिन्दु बल्लबगढ़ (मुख्य प्रयोगशाला) के रूप में स्थित है। ग्राहकोंमुखी इस संस्थान ने पूर्वी ग्राहकों को उत्तम सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से अभी हाल ही में भुवनेश्वर (उड़ीसा) में एक प्रयोगशाला केंद्र स्थापित किया है। एनसीबी की इकाइयां अपनी गुणवत्ता और सेवा धर्म का पालन करते हुए उद्योगों से प्राप्त प्रायोजित परियोजनाओं व भारत सरकार की कार्यक्रमबद्ध परियोजनाओं पर कार्य करने के साथ–साथ अन्य उद्योगपरक सेवाएँ भी प्रदान करती हैं। संस्थान के महानिर्देशक डॉ बीबेकानंद महापात्र भारत व विदेशों में ख्याति प्राप्त एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होने भारतीय सीमेंट उद्योग में अग्रणी भूमिका निभाई है। डॉ महापात्र उड़ीसा प्रांत से संबंध रखने वाले गैर हिंदी–भाषी वैज्ञानिक हैं जो 32 वर्षों से अधिक समय भारतीय सीमेंट निर्माण उद्योग को अनुसंधान के साथ सामग्री लक्षण, कच्चे मिश्रण अभिकल्प अनुकूलन, नवीन उत्पाद विकास, प्रक्रिया रणनीति योजना, वैकल्पिक ईंधन व कच्ची सामग्री उपयोग, गुणवत्ता नियंत्रण, गुणवत्ता आश्वासन, गुणवत्ता अनुकूलता और विभिन्न प्रकार के नवीन सीमेंट विकास जैसे कंपोसिट सीमेंट, हाई स्लैग व फ़्लाइऐश सीमेंट, ऑयलवेल सीमेंट जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी सेवाएँ प्रदान कर चुके हैं। एनसीबी में महानिदेशक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व डॉ महापात्र देश की मानी–जानी कई बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनियों के साथ जुड़े रहे। इसके अतिरिक्त डॉ महापात्र कई देशी व विदेशी संगठनों के साथ प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से भी लगातार जुड़े रहें हैं। कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमीनारों के साथ विभिन्न पत्रिकाओं में आपके लिखे करीब 68 प्रपत्र प्रकाशित हो चुके हैं एवं कई प्रपत्रों को गुणवत्ता के हिसाब से उत्कृष्ठ घोषित किया जा चुका है।

डॉ महापात्र गैर हिन्दी भाषी होते हुए भी हिन्दी भाषा के प्रति बहुत ज्यादा स्नेह और सम्मान रखते हैं। हिन्दी के विकास, प्रचार और प्रसार से संबन्धित सभी कार्यक्रमों में स्वयं अपनी भागीदारी प्रस्तुत करते हैं और अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों व अधिकारियों को हिन्दी में अधिकतम काम करने के लिए उत्साहित करते हैं।

अभी कुछ समय पूर्व हिन्दी के विकास को लेकर 'विश्वमुक्ति' ने राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद (एनसीबी) के महानिर्देशक डॉ बीबेकानंद महापात्र जी से हिन्दी विषय पर बातचीत की। वार्ता के कुछ अंश यहां पर प्रस्तुत है।

विश्वमुक्ति : राष्ट्रीय स्तर की सरकारी संस्था के आप महानिदेशक हैं। सीमेंट से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं में हिन्दी का बोलचाल में खूब प्रयोग है। इससे कार्य पर क्या प्रभाव पड़ता है? आपके विचार से अंग्रेजी का स्थान हिन्दी ने लेकर क्या स्थिति बनाई?

**डॉ महापात्र :** देखिये, आप तो जानते हैं कि मैं गैर हिन्दी–भाषी क्षेत्र से आता हूं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं हिन्दी से प्यार न करूँ। हिन्दी हमारी राजभाषा है और यह मेरे लिए गौरव की बात है कि मै एनसीबी जैसे महान संगठन के साथ जुड़ा हूं। मेरा जन्म से ही हिन्दी के साथ लगाव रहा है और मैं जहां भी रहा हूं हिन्दी मेरे साथ सदैव रही है। इस संगठन से व्यक्तिगतरूप से जुड़ने के बाद मैंने देखा कि एनसीबी में हिन्दी को लेकर हमारे कर्मचारी और अधिकारी बहुत उत्साह रखते हैं और वे जागरूक हैं। यह बात अलग है कि सीमेंट उद्योग में अनुसंधान संबंधी कार्य में अंग्रेजी का सहयोग लिया जाता है क्योंकि सीमेंट, अंतर्राष्ट्रीय स्तर का उद्योग है। लेकिन हम सभी लोग प्लांटों में आपसी बातचीत तो ज़्यादातर हिन्दी में ही करते हैं और मै दावे के साथ कहता हूं कि हिन्दी समझने और समझाने एक सरल और सशक्त माध्यम है। मुझे नहीं लगता कि हिन्दी हमारे कार्य में या अनुसंधान में कहीं बाधक साबित हो सकती है। लोगों ने बहुत खुशी से अब हिन्दी को स्वीकार किया है और वे बेहिचक बोलचाल में हिन्दी अपना रहें हैं। मुझे ऐसा लगता है कि आने वाले दिनों में अनुसंधान प्रपत्र भी हिन्दी में लिखकर प्रदर्शित किए जाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है।

**विश्वमुक्ति :** इस संस्थान में विभिन्न क्षेत्रों के लोग काम करते हैं। हिन्दी बोलचाल से उन्हे क्या लाभ हानि होती है।

**डॉ महापात्र :** देखिये, मैंने कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और बहुत लोगों की यह मातृभाषा भी है। जिनकी यह मातृभाषा है वे तो हिन्दी में ही बात और संवाद करना पसंद करते हैं लेकिन वे लोग जो गैर हिन्दी–भाषी क्षेत्र से हैं और जिनकी मातृभाषा भी कोई क्षेत्रीय भाषा है, उन्हें संवाद में थोड़ी असुविधा अवश्य होती है। गैर हिन्दी–भाषी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए हमारे यहां बैठकों के आयोजन में हिन्दी धारा प्रवाह संवाद और बातचीत पर ज़ोर दिया जाता है। ताकि अधिकतम लोग संवाद की विषय सामग्री को आसानी से समझ सकें और भाषा, काम के निष्पादन में कोई रुकावट न पैदा करे। हमारे संस्थान में हिन्दी भाषा को लेकर कोई भेद भाव नहीं है। हमारे यहां हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए एक 'एनसीबी राजभाषा कार्यान्वयन समिति' गठित की गई है। जिसमें नियमित रूप से समिति के सदस्यगण बैठक आयोजित करते हैं और हिन्दी की प्रगति पर आवश्यक विचार–विमर्श करके परिणामों को संस्थान में लागू किया जाता है। इन बैठकों में कई बार मैं स्वयं उपस्थित होकर बैठक की समीक्षा करता हूं और सदस्यों के सुझावों को सज्ञान में लेता हूं।

**विश्वमुक्ति :** लेखन में वर्तमान क्या स्थिति है?

**डॉ महापात्र :** अभी अनुसंधान संबंधी कार्य और परियोजना रिपोर्ट अंग्रेजी के सहयोग से पूरी हो रहीं हैं। इसका कारण यह है कि तकनीकी शब्दों और प्रक्रिया प्रणाली की जटिलता इसमें बाधक बनी हुई है। यदि इसमें अनुवाद प्रणाली का समावेश किया गया तो विषय वस्तु को समझने का भ्रम हो सकता है और उससे परीक्षण में त्रुटि की संभावना पैदा होने से परिणाम असंगत हो सकते हैं। लेकिन मुझे उम्मीद है कि भविष्य में इस कमी को दूर कर लिया जाएगा।

**विश्वमुक्ति :** सरकार ने हिन्दी में 100 प्रति 100 पत्राचार की नीति राखी है। आपके यहां उसकी क्या स्थिति है?

**डॉ महापात्र :** देखिये, भारत सरकार की नीति के अनुसार हमारा संगठन नीतियानुरूप चल रहा है। हम 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में पत्राचार की स्थिति में लगातार वृद्धि की ओर अग्रसर हैं। सितंबर 2019 की छमाही रिपोर्ट के आधार पर हमने 'ग' क्षेत्र में 65 प्रतिशत के लक्ष्य को पार कर लिया है जबकि 'क' और 'ख' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य 100 प्रतिशत प्रत्येक की तुलना में यह लक्ष्य क्रमशः 0.61 प्रतिशत व 1.66 प्रतिशत ही दूर रह गया है।

**विश्वमुक्ति :** हिन्दी प्रशिक्षण हेतु क्या व्यवस्था है? कोई योजना इस पर है?

**डॉ महापात्र :** देखिये, एक तकनीकी व वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र होने के कारण हिन्दी प्रशिक्षण की फिलहाल कोई आंतरिक व्यवस्था नहीं है। परन्तु, बीच–बीच में 'एनसीबी राजभाषा कार्यान्वयन समिति' द्वारा प्रशिक्षण की कार्यशालाएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा 'नगर राजभाषा कार्यालय (नराकास) फ़रीदाबाद द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में उनके निवेदन पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है। इस वर्ष एनसीबी में दो कार्यशालाएं आयोजित की गई जबकि दो कार्मिकों को नराकास द्वारा आयोजित बाहरी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भेजा गया। भविष्य में आवश्यकता को देखते हुए नियमित हिन्दी प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

**विश्वमुक्ति :** 'हिन्दी लादी जा रही है' – इस कथन पर आपको अनुभूति क्या है?

**डॉ महापात्र :** ऐसा नहीं है। मैं नहीं मानता। हिन्दी राजभाषा है और इसका सम्मान होना चाहिए। विश्व में बहुत सारे ऐसे देश हैं जिन्होने दूसरी भाषाओं को पूरी तरह से त्याग दिया है। हमें भी अपनी राजभाषा के साथ संयुक्त होकर इसे राष्ट्र भाषा में परिवर्तित करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। एक राष्ट्र भाषा ही एक विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकती है।

**विश्वमुक्ति :** त्रिभाषी सूत्र पर आपका क्या विचार हैं?

**डॉ महापात्र :** देखिये, हमारा देश कई भाषाओं व उनकी संस्कृति को संयोजित किए हुए है। अलग–अलग प्रान्तों की अलग–अलग भाषायेँ है। मेरे विचार से यह मान्यता इस बात पर आधारित हो सकती है कि उस क्षेत्र के लोग यदि हिन्दी के प्रति व्यावहारिक नहीं हैं तो उन्हे हिन्दी के मार्ग पर लाने के लिए क्षेत्रीय भाषाओं का सहयोग दिया जाए। जिससे न तो क्षेत्रीय भाषायें लुप्त हो सकेंगी और न ही हिन्दी की प्रगति में कोई बाधा होगी। 'त्रिभाषी सूत्र हिन्दी प्रगति के लिए वरदान है।

**विश्वमुक्ति :** आप हिन्दी समारोहों, कार्यशाला आदि को किस रूप में देखते हैं।

**डॉ महापात्र :** हिन्दी समारोहों, कार्यशाला आदि का आयोजन निश्चय ही हिन्दी की प्रगति के लिए आवश्यक औज़ार है। इससे जहां एक तरफ हिन्दी को नई दिशा मिलती है, वहीं दूसरी ओर हिन्दी प्रेमियों को उत्साह और गैर हिन्दी भाषी लोगों को सीखने का अवसर मिलता है।

**विश्वमुक्ति :** राजभाषा के संबंध में आपका संदेश?

**डॉ महापात्र :** मैं कहना चाहूँगा कि हिन्दी की प्रगति राष्ट्रीय विकास के लिए अति आवश्यक है। जहां तक संभव हो सके, हमें राजभाषा को अपना विचार बनाना चाहिए और इसे शीर्ष पटल पर स्थापित करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। एक राष्ट्र एक भाषा का सूत्र भारत को विश्व में अग्रणी स्थान पर स्थापित करने में सहायक होगा।

– – – – – –

# कविताएँ

लक्ष्मण सिंह बिष्ट (पहाड़ी)
एच आर एस (जैन)

## अंधेरी दुनिया

अंधेरी दुनिया एक सुरंग है
जाने कब कहाँ और कैसे
उठा लिए जाएंगे ये मासूम
अबोध शिशु
जिन हालातों में जिएंगे
माँ ! तुम्हें ढूंढेंगे
किसी मज़दूर पिता को पसीना बहाते देख धूप में
अपने आँसू
भीतर ही भीतर पिएंगे
किन्तु कोई स्कूल जाता भाई
कहाँ जान सकेगा इनकी वेदना को
आरती की थाल हाथों में लिए बहन
पहना ना सकेगी बंधन का धागा
माँ ! तुम जानकर भी मुझे पहचान ना पाओगी
और मैं अनजान
जाने किस – किस की सूरत में
तुम्हें ढूंढता फिरूँगा
दर्द और शोषण की मार
अंधकारमय भविष्य को
अंधेरी सुरंग में
दूर तक ले जाएगी
माँ ! तुम मुझे भूलने का जतन करना
मैं तुम्हें पाने की आस में जी लूँगा ᐡ

## सृजन के बीज

वृक्षों के घने साये
और इनसे भी छनकर आती यह उजास
अद्भुत है यह शक्ति
इस भव्य शून्य के पार
एक डोर है चेतना की
यूं ही नहीं हुमकता कोई
मेरे भीतरी तहखानों में
ना भूला है कभी आत्मसात करना
इन चकित विस्मृत रचनाओं को देख
योनियाँ कितनी धारण करता आया है काल
उफनती ज्वालामुखियों के मुख
भस्म बनाते लावे तक में
फूटने लगते हैं अंकुर
क्या आंधियों के अंधड़ ज्वार
रोपना जानते हैं जीवन नहीं!
जल थल से परे बँटता है वहाँ
काल की चोटी पर बैठा महाकाल
इस चक्र का स्वामी
संभाले है बीज सृजन के
यूं ही फलती फूलती रहेगी सृष्टि
घोर तांडवों के बाद .....

डॉ पिंकी पांडे
सी आर टी

एम० एम० जमाली
सी आर टी (टेस्ट हाउस)

## होली के रंग– जोगीड़ा के संग

आलू पराठा नाश्ता करके ऑफिस आए शंकर।
बॉस के पेट मे चूहा दौड़े बीबी जाती दफ्तर।
जोगीरा सा रा रा रा।
''''

गलती करता जाये भैया देख रहा ना कोई।
एक एक पाई का हिसाब भी समय पड़े पर होई।
जोगीरा सा रा रा रा।
''''

मिलन की होली है, मिलन के हैं रंग।
फिर क्यों आपस में हो जाती जंग।
जोगीरा सा रा रा रा।
''''

आता है जब भारत की सेना को तैश।
पानी मांगे हिजबुल और हवा मे उड़े जैश।
जोगीरा सा रा रा रा।
''''

कौन सोहे मंदिर में कौन सोहे बाज़ार।
कौन सोहे सीमा पर कौन ससुरार।
जोगीरा सा रा रा रा।
''''

प्रभु सोहें मंदिर में सेठ जी बाज़ार।
जवान सोहे सीमा पर कायर ससुरार।
जोगीरा सा रा रा रा।
''''

देश पर जब मंडराये नापाकिस्तानी बाज़।
भीतर जाकर ठोक के आया अभिनंदन जांबाज।
जोगीरा सा रा रा रा।
''''

## चन्द पसंदीदा अशआर(शायरी)

उक़ाबी रुह जब बेदार होती है जवानों में।
नज़र आती है उनको अपनी मंज़िल आसमानों में।।
अनजान तुम बने रहे ये और बात है।
ऐसा तो क्या है तुमको हमारी खबर न हो।।
तदबीर के हाथों में तक़दीर दरखशां होती हैं।
कुदरत भी मदद फर्माता है जब कोशिशे इंसां होती है।।
उनमें और मुझमें यही शर्तें वफा ठहरी हैं।
वे सितम ढाएं मगर उनको सितमगर न कहूं।।
बाग़बां ने जब आग दी आशियाने को।
जिन पे तकिया था वही पत्ते हवा देने लगे।।
तुम्हारी याद के जब ज़ख्म भरने लगते हैं।
किसी बहाने तुम्हें याद करने लगते हैं।।
फलक पर जब चमकता है हमारे अज़्म का सूरज।
तो खुद तारीकियां गहराइयों में डूब जाती हैं।।
चमक ऐसे नहीं आती है खुद्दारी के चेहरे पर।
अना को हमने दो दो वक्त का फाका कराया है।।
भूख में कोई कैसे बाताये कैसा लगता है।
सूखी रोटी का टुकड़ा भी तोहफ़ा लगता है।।
घर से निकलो तो पता जेब में रखकर निकलो।
हादसा चेहरे की पहचान मिटा देती है।।
बेकार समझकर मुझे ना ठुकराओ यारों।
ये ज़िन्दगी कल सुबह की अख़बार नहीं है।।
वो कितना खुदगर्ज़ था कि जो मेरे नाम से।
मशहूर खुद हुआ मुझे रुसवाई दे गया।।
जब भी आता है तेरा नाम मेरे नाम के साथ।
जाने क्यूं लोग मेरे नाम से जल जाते हैं।।
सो जाते हैं फुटपाथ पर अख़बार बिछा कर।
मज़दूर कभी नींद की गोली नहीं खाते।।
आप ने तीर लगाई तो कोई बात न थी।
ज़ख्म मैंने दिखाया तो बुरा मान गए।।

रश्मि गुप्ता
सीआरटी टेस्ट हाउस

## हिंदी – अनमोल

मीरा केशव जायसी तुलसी सूर कबीर
किसी किस भाषा की है भला हिंदी सी तकदीर
शब्द शब्द संवेदना अक्षर अक्षर प्यार
हर सुख से संपन्न है हिंदी का संसार
अंकित जिनकी रोटियां पर हिंदी का नाम
हिंदी उनके वास्ते शब्द एक बे दाम
हिंदी तो छोड़ी मगर बन ना सके अंग्रेज
एक मुखौटा उम्र भर रखते रहे सहेज
कथनी के कुछ अर्थ हैं करने के कुछ अर्थ
सौ सौ हिंदी दिवस भी ऐसे में है व्यर्थ
अरे परिंदे छोड़कर निज बोली अनमोल
कब तक बोलेगा भला तू उधार के बोल

प्रमोद कौशिक
सी आर टी (ए०एल०एस)

## आने वाला कल

आने वाला कल कहता है संभल संभल के चल
इतना संभल की सुधर जाए कल
समर समर सुधर जाए कल ताकि पछताना न पड़े कल
आने वाला कल कहता है संभल संभल के चल
जो गुजर गया वह गुजर गया
हाथ कभी ना आएगा
आने वाला कल कुछ ना कुछ नया सिखाएगा
आने वाला कल को किसने देखा
नहीं देखा मगर सोचा जरूर
सोचा पर मिला नहीं तो देखा नहीं
सोचा और मिल गया तो देखा खुशी का पल
आने वाला कल कहता है संभल–संभल के चल

ज्योत्स्ना पांचाल
सी क्यू सी

## हमारे बुजुर्ग

बचपन में उँगली पकड़कर चलना सिखाते हैं,
हाथ जोड़कर आदर करना भी बताते हैं,
वो हमें द्रढ़, स्वावलंबी और अच्छा इंसान बनाते हैं।
हमारे बुजुर्ग हमें सब सिखाते हैं।

जब किसी कारणवश, हम भाई बहन आपस में लड़ने लग जाते हैं,
एक दूसरे से रूठकर, जब हम नज़रें भी चुराते हैं,
तब हमारे बड़े हमें, साथ में मिलकर रहना बतलाते हैं,
हमारे बुजुर्ग हमें सब सिखाते हैं।

जब दुष्ट लोग, हमें हमारे पथ से भटकाते हैं,
उस नादानी में जब हम, कोई गलत काम कर जाते हैं,
तब वो हमें, सर झुकाकर माफ़ी मांगना बताते हैं,
हमारे बुजुर्ग हमें सब सिखाते हैं।

ज़िंदगी के बोझ से, यह कंधे जब थक से जाते हैं,
जीवन के अँधियारे में, हम जब कभी फंस जाते हैं,
वो रोशनी की किरण दिखाकर, हमें नयी राह पर चलाते हैं,
हमारे बुजुर्ग हमें सब सिखाते हैं।

इस दौड़ती भागती ज़िंदगी में, जब हम अकेले रह जाते हैं,
खूब बुलाने पर भी जब हम, उनको अपने पास नहीं पाते हैं,
तब भी उनके वो कड़वे बोल, हमें डट कर खड़े रहना ही सिखाते हैं,
हमारे बुजुर्ग हमें सब सिखाते हैं।

जिनकी ममता के आँचल में, हम हमेशा रहना चाहते हैं,
वो हमें ज़िंदगी के रंग बिरंगे आसमान में,
बिना पंख के भी उड़ना बताते हैं,
हमारे बुजुर्ग हमें सब सिखाते हैं।
हमारे बुजुर्ग हमें सब सिखाते हैं।

अंकुर अवस्थी
सीआरटी

## हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख

हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख
इंसानों में घटती हमदर्दी देख,
एक पल नहीं सोचता किसी का नुकसान कर अपना फायदा करने में
किसी के दर्द को अनदेखा करने में
हैरान हूँ किसी की तकलीफ में किसी को हँसता देख
हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख

हैरान हूँ इंसान का लालच बढ़ते देख
सिर्फ मुनाफा चाहिये, नोटों की गड्डी में इज़ाफा चाहिये
कितना भी कमा लें पर फिर भी चैन नही
बहुत कुछ हासिल है पर फिर भी जो हासिल नही
उसकी कमी से दुखी होते देख
सब सुख हैं पास में
पर अपनी गाड़ी पड़ोसी से छोटी है
ये परेशानी भी तो बहुत मोटी है
किसी की दौलत से अपनी दौलत कम जानके
किसी को दुखी होते देख
बड़े बड़े मकानों से
भिखारी को खाली हाथ निकलता देख
हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख

हैरान हूँ आजकल के चलन को देख
पहले अच्छे स्वभाव, अच्छी नीयत
सच्चाई से किसी की पहचान की जाती थी
इंसान के ज्ञान और योग्यता से उसकी पहचान की जाती थी
आज सिर्फ कपड़ो और गाडियों से पहचान होते देख
कभी चापलूसी से, कभी पहुँच से
तो कभी अपना ईमान बेच किसी को
बेशर्मी से आगे बढ़ता देख
हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख

किसी की कामयाबी उसके परिवार के बुर्जुगों
और बच्चों से पता चलती थी
कि जिन्होंने उसकी परवरिश की, वो कैसे हैं
जिनकी परवरिश उसने की, वो कैसे हैं
पर आजकल गाड़ी बंगला हो
चाहे बच्चा कहीं नशा किए पड़ा हो
क्योंकि पैसों की भाग दौड़ में
बच्चे को समय न देता देख
और बूढ़े माँ बापको वृद्धाश्रमों में देख
हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख

विकास करते करते कब इंसान से जानवर
और किसी को जानवर से हैवान होते देख
बच्चियाँ सुरक्षित नहीं, महिलायें कहाँ से होंगी
आदमी की नीचता को इतना नीचे गिरता देख
हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख।

सरकार और आतंकवाद की लड़ाई में
निर्दोष लोगों को पिसता देख
बड़े–बड़े देशों को बड़ी बड़ी मिसाइल
छोटे छोटे बच्चों पे गिरते देख
सरहदों पर सैनिकों को मरते देख
इंसान की हाथों, इंसानियत का कत्ल होते देख
हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख
हैरान हूँ इंसान की फितरत बदलती देख

अभिषेक अग्निहोत्री
सी क्यू सी

## एहसास

आज गाँव लौटते हुए अपने आप से मुलाक़ात हो गयी
खेत की मेड पर बैठे–बैठे कब दिन से रात हो गयी
यादों का सिलसिला कुछ यूं चला की बचपन से मुलाक़ात हो गयी
गाँव की गलियां कुछ अपनी सी लगने लगी
शहर की बड़ी सी जिंदगी बेमानी सी हो गयी
आज की मुलाक़ात एक छोटी सी मुस्कान दे गयी
भूले बिसरे अफसाने ही सही पर अपने होने का एहसास करा गयी
आज की मुलाक़ात हँसते–हँसते रुला गयी
चलो अच्छा ही हुआ कि अपने आप से मिला गयी

कपिल कुकरेजा
सी एम ई

# पुराने साल और नए साल की वार्तालाप

पुराना साल जाने की, दहलीज पर आकर बैठा है
नया साल नई उम्मीदों, के पंख फैला कर बैठा है
पुराना साल बताता है कि, हमारे गीत कहां लड़खड़ाए
नया साल होठों पर नए, गीत सजा कर बैठा है

पुराना साल संग्रह था, कुछ खट्टी मीठी यादों का
कुछ पूरे हुए इरादों, का कुछ अधूरे छुटे वादों का
पुराना साल संग्रह था, कुछ महत्वपूर्ण संवादों का
कुछ अलिखित कविताओं के, हिंदी अनुवादों का
पुराना साल कुछ यादों को, अंदर समा कर बैठा है
नया साल नई उम्मीदों, के पंख फैला कर बैठा है

पुराने साल ने शीत ऋतु, नए साल को उपहार दिया
छिपता छुपाता सूरज दिया, कोहरे में छिपाकर प्यार दिया
नए साल में इस बार को, सहजता से स्वीकार किया
जाते–जाते पुराने साल को, आलिंगन सौ सौ बार किया
मिलने बिछड़ने का यह पल, कई एहसास दबा कर बैठा है
नया साल नई उम्मीदों, के पंख फैलाकर बैठा है

जाते–जाते पुराना साल, नए साल को समझाता है
अपने साल भर के तजुर्बे, को कुछ यूँ बतलाता है
कि संभलकर आना नया साल जब भारत में आता है
वैसे तो भारत अपनी, संस्कृति के लिए जाना जाता है
जब बात खुद की बेटियों की हो, तो मुक बधिर बन जाता है
नदियों के पावन जल में, खुद ही जहर मिलाता है
फिर उन्हीं नदियों को साफ करने का, यह अभियान चलाता है
पहले शुद्ध हवा को, खुद ही जहरीला करता है
इससे बचने को, जाकर घरों में छुप जाता है
संभलकर आना नया साल जब भारत में आता है

यहां पर आम आदमी अपनी, जात बता दे बताने में घबराता है
यहां इंसानियत पर हमेशा, मजहब भारी पड़ जाता है
यहां रात को सीता अब भी, घर से निकलने में डरती है
यहां रावण की लंका अब भी जगह जगह पर बस्ती है
यहां अब भी कई लोग, भूखे पेट ही सोते हैं
फुटपाथ पर गरीब बच्चे, मारे ठंड के रोते हैं

यहां पर अब भी कर्जा, किसानों को जान से भारी पड़ जाता है
संभलकर आना नया साल जब भारत में आता है

बात सुनकर पुराने साल की नया साल डरने लगा
भारत में आया लौट जाये, ये विचार करने लगा
नए साल की हालात को पुराने साल ने भांप लिया
नया साल भारत क्यों आए, इस बात का अब तर्क दिया

नया साल भारत के लिए एक नया विश्वास है
विवेकानंद कलाम की धरती का, कुछ ऐसा इतिहास है
इसी धरती ने गांधी दिया, इसी ने पटेल दिया है
इसी धरती ने, विश्व को हॉकी का खेल दिया है

इस धरती पर आए जितने, सब को उसने प्यार दिया है
इसी धरती पर आर्यभट्ट, ने सुनने का आविष्कार किया है
इसी धरती ने विश्व को, तारों का ज्ञान दिया है
इसी धरती ने दुनिया को, आयुर्वेद जैसा विज्ञान दिया है

इसी धरती पर जन्म लिया, भगत सिंह – आजाद जैसे वीरों ने
और इसी धरती पर जन्म लिया, साईं जैसे फकीरों ने
इसी धरती ने राम जैसे, पुरुषोत्तम को देखा है
इसी धरती पर कृष्ण की, लीलाओं का लेखा–जोखा है

अब भी सारा विश्व भारत को, आस लगाकर देखता है
चाइना तो आधा सामान, इसी धरती पर बेचता है

इन बातों को सुनकर नए साल को ज्ञान हुआ
ऐसे ही भारत का ना, पूरी दुनिया में व्याख्यान हुआ
अब नए साल को, भारत में आने में गर्व है
अब वह जान चुका है कि, नया वर्ष भारत में एक पर्व है

........................

## सड़क सुरक्षा

सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण चिंतित विषय है और यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य और आठवां मृत्यु व आकस्मिक चोट का बदलता हुआ कारक है विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यू एच ओ के अनुसार 1.3 मिलीयन लोगों ने अपनी जान सड़क दुर्घटना के अंतर्गत गवाई है मध्य आयवर्ग वाले देशों में 90 प्रतिशत के करीब सड़क दुर्घटनाएं होती हैं यह अत्यंत दुर्भाग्य का विषय है अकेले भारत में 11 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं सड़क दुर्घटना के कारण 3 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद की क्षति हो रही है वर्ष 2017 की तुलना में 2018 में सड़क दुर्घटना के फलस्वरुप मृत्यु की संख्या 147913 से बढ़कर 151417 हो चुकी है

"सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय" के वर्ष 2018 के सड़क दुर्घटना प्रतिवेदन के अनुसार 83 प्रतिशत लोगों ने सड़क पर वाहन चलाने का परिणाम भुगता है यदि किसी परिवार का पालन करता सड़क दुर्घटना के अंतर्गत मृत्यु को प्राप्त हो जाता है तो उसका परिणाम परिवार को जीवन पर्यंत भुगतना पड़ता है सड़क दुर्घटना के बहुत से कारण हैं जिसमें से कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार हैं

1. शराब का सेवन करके वाहन चलाना
2. सीट बेल्ट व हेलमेट को प्रयोग में ना लाना
3. तेज गति से वाहन चलाना
4. वाहन चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग करना
5. बिना किसी संकेत के वाहन को मोड़ना
6. गलत दिशा में वाहन निकालना
7. गलत लेन में वाहन चलाना
8. विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देशों का ज्ञान ना होना या फिर उनका पालन ना करना

भारत में सर्वाधिक असुरक्षित लोग पैदल यात्री साइकिल चालक वाहक दो पहिया वाहक जो कि 35.2 प्रतिशत है हालांकि भारत सरकार पिछले एक दशक से इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है जिसमें की 3 ई अभियांत्रिकी प्रवर्तन शिक्षा पर निरंतर कार्य हो रहा है, जिसमें भारत ब्राजीलियन हस्ताक्षरकर्ता है जो कि 2015 में संगठित हुआ था जिसका लक्ष्य 2020 तक सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था परंतु निरंतर प्रयास के बावजूद सड़क दुर्घटनाएं घटने की बजाय बढ़ रही हैं परंतु भारत सरकार द्वारा एक बहुत निर्णायक फैसला "मोटरयान संशोधन कानून" लागू करके लिया गया है जिसमें फाइन बहुत अधिक लगाया गया है इसी प्रकार सरकार के साथ हम सब (समुदाय, समाज, संचारक माता–पिता, अध्यापक एवं राजनेता) को संचार के माध्यम से सड़क दुर्घटना पर कार्य करना होगा

सड़क सुरक्षा दो तत्वों से मिलकर बना है दुर्घटना पूर्व और दुर्घटना पूर्वात, जिसमें दुर्घटना पश्चात पीड़ित को किस प्रकार बचाना और संभालना है यह भी एक महत्वपूर्ण विषय है

अंततः हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि सर्वाधिक दुर्घटनाएं सड़क यातायात के नियमों का पालन न करने के कारण होती हैं हम अपने स्तर पर ध्यान रखकर सड़क दुर्घटना को कम कर सकते हैं क्योंकि एम ओ आर एच के अनुसार भारत में 78 प्रतिशत मृत्यु चालकों के गलती एवं सड़क यातायात के नियमों के पालन न करने के कारण होती है अतः हम सभी हितकारक एकजुट होकर इस समस्या का समाधान कर सकते हैं

*पल्लवी त्रिपाठी*
*सीडीआर (कंक्रीट प्रयोगशाला)*

# जीवन यात्रा

एक नवयुवती बस में बैठी थी, अगले स्टॉप पर एक दबंग और क्रोधी बूढ़ी माँ आई, और उसके बगल की सीट पर बैठ गईं उन्होंने अपने कई बैग युवती से सटाकर रख दिए. बूढ़ी महिला के दूसरी ओर बैठी महिला परेशान हो गई. उसने युवती से कहा कि वह बूढ़ी महिला से कुछ बोलती क्यों नहीं ? युवती ने मुस्कराते हुए जवाब दिया॰ हर बात पर असभ्य व्यवहार या बहस करना आवश्यक नहीं, मैं अगले स्टॉप पर उतरने वाली हूँ. यह प्रतिक्रिया महत्वपूर्ण है,

आखिर हमारे साथ की यात्रा है ही कितनी लम्बी ? अगर हमें यह एहसास हो जाए, कि यहाँ हमारा समय कितना कम है, तो व्यर्थ के झगड़े, निरर्थक तर्क बात–बात पर असहमति और दूसरों में गलती खोजने वाला रवैया समय और ऊर्जा की बर्बादी का कारण नहीं, तो और क्या है ?

अगर किसी ने आपका दिल तोड़ा॰ शाँत रहो ! आखिर जीवन यात्रा इतनी छोटी जो है.
किसी ने आपके साथ विश्वासघात किया, धमकाया, धोखा दिया या अपमानित किया..शाँत रहें, क्षमा करें !
आखिर हमारी जीवन यात्रा इतनी कम जो है. जब भी कोई मुसीबत हमारे सामने आये, हमें याद रखना चाहिए, कि हमारे साथ की यात्रा बहुत छोटी ही है. इस यात्रा की अवधि .. कोई नहीं जानता कि उनका पड़ाव कब आएगा ? हमारी यात्रा एक साथ इतनी कम है, कि मालूम नहीं अगले पल क्या होने वाला है ? तो क्यों नहीं, हम अपने दोस्तों व परिवारजनों का ध्यान रखें, और अपने काम को संजोएं. आईए, अब हम एक–दूसरे के लिए सम्मानजनक, दयालु और क्षमाशील हों, और यह अहसास हमें कृतज्ञता और उल्लास से भर दे. अगर मेरे व्यवहार ने आपको कभी कोई चोट पहुँचाई है, तो मैं आपसे क्षमा माँगता हूँ. यदि आपने मुझे कभी दुख पहुँचाया है, तो मैंने आपको पहले ही क्षमा कर दिया है आखिर..हमारी जीवन यात्रा एक साथ है ही कितनी ?
बीते सुखद समय के लिए हम ईश्वर का आभार मानें, और इस जीवन यात्रा को सुखमय बनाएं।

*जितेन्द्र प्रसाद*
*सी आर टी (टेस्ट हाउस)*

# किस्सागोई

पूर्वी उत्तरप्रदेश का एक गाँव। लगन (शादी–ब्याह) का मौसम है। लाउडस्पीकर में जोर जोर से संझा पराती, झूमर, सहाना के वैवाहिक गीत बज रहे हैं। अरे जानते हो, देवी बाबा के घरे बियाह है। बाबा के बड़का बबुआ जो मर्चेन्ट नेवी में हैं, अरे बड़का कोठी है यार बंबई में, दू तीन ठे गाड़ी है, उनके बेटवा का बियाह है। तो कहो ना की देवी बाबा के पोता का सादी है। गाँव के दो अधेड़ तिमुहाने पर खड़े गलचऊर (गॉसिप) कर रहे थे। ए बब्बन, एगो सीक्रेट जानते हो? देवी बाबा के खनदान के? रमेसर बब्बन के कान मे फुसफुसाया। ना रे। कइसन सीक्रेट? अरे कहने को ई लोग बड़का घर के हैं, पर सुद्ध बांभन ना हैं लोग रे। का कहते हो!!! बब्बन की आँखें चौड़ी हो गईं। देवी बाबा तो मिसिर हैं। अरे मिसिर तो हैं पर एक खनदान मिसिराईन का है और दुसरका ललाइन का। रुक रुक तनिक ठहर। चल लम्पुआ के छपरी पर चाह (चाय) पियल जाय, वहीं पर किस्सा बतियाया जाई। चल गुरु।

अरे पूरा फिल्मी कहानी है यार। ई किस्सा देवी बाबा के बाबूजी के बाबूजी के है रे। गाँव के पुरनिया लोग बोलते हैं, उस जमाना में बड़का मिसिर (दादा जी) अपने जवानी में गज़ब सुंदर रहे। छौ फूट (छः फीट) लंबा सुंदर देह और चेहरा तो जैसे आग। एकदम सिरी रामचंदर जी के जइसन। गाँव के रामलीला में सिरी राम जी बनत रहे। सगरा गाँव उनके दंडवत परनाम करत रहे। उन्हीं के बियाह तय हुआ था तिवारी के छपरा गाँव के नर्मदा तिवारी के बिटिया से। दुन्नों परिवार एकदम टक्कर के रहे। बहुत बढ़िया मेल मिला था। चाहे खेत–बघार ले लो चाहे घर–दुवार ले लो चाहे पढ़ल–लिखल में ले लो। जेठ के लगन में शादी पड़ा, सात गाँव को बियाह का नेवता गया। बड़ा भरी बारात मिसिर बाबा के दुवार पर से चला। कई ठो तो हाथी और घोड़ा भी गया। घर के लेडीस लोग वर का परिछावन (आरती) किया और बारात रवाना हुआ। अभी मुसकिल से दस घर पार हुआ होगा की बारात रुक गया, दूल्हा की पालकी कहार रुक गया और हो–हल्ला होने लगा। कुछ देरी बाद पता चला की लाला पूरन चंद की छोटी बिटिया लाजवंती, सज धज कर, सिन्होरा (सिंदूरदान) लेकर बीच रास्ता पर बैठी है और जिद पर अड़ी है की हमारा बियाह इसी दूल्हा से होगा नहीं तो हम इनारा (कुआं) मे डूब के जान दे देंगे। पहिले हमसे बियाह होगा तब बारात आगे जाएगा। बड़े बुजुर्ग लोग उसको समझा कर हार गए पर उ टस से मस नहीं हो रही। एके जिद लगाई है की हमारा बियाह बड़का मिसिर से करवाओ, उनसे बात करवाओ। हार कर दूल्हा बने बड़का मिसिर पालकी से निकल के उसके सामने आए और बोले क्या चाहती हो? ऊ तो उनका चरण पकड़ के बैठ गयी की हम चार साल से आपको अपना पती मान के बैठे हैं। बियफे (वृहस्पतिवार) प्रदोष, एकादशी का व्रत करते हैं। सब देवता मनाते हैं की आप का साथ जीवन भर के लिए मिल जाए। अब तो हमारा जीवन मरण आपके ही लिए होगा। आप हमारा मांग भर कर ही आगे जा सकते हैं। दूल्हा बने मिसिर सोच मे पड़ गए। लाजवंती न जाने कब से उन्हें पति मान बैठी है। कई छोटी छोटी घटनाएँ आँखों के आगे तैर गईं। कभी कभार घर की महिलाओं के साथ पल भर को दिख जाती थी। एक बार मेला में झूला झूलने के लिए खुदरा नहीं होने पर उसकी झूले वाले से चिक चिक होते देख कर मैंने दस दस पैसे का खुदरा सभी लड़कियों के लिए दे दिया था। सब बड़ी प्रसन्न हो गयी थीं। कभी कभी छोटी भौजी से कढ़ाई सीखने आती तो थी। मैंने पीने के लिए जल मांगा तो भाभी की जगह वही ले आई थी। पूछा तो कहा था की भाभी बबुआ (छोटा बच्चा) को ले के बैठी हैं। फिर एक गहरी नज़र लाजवंती के मुख पर डाली। वह गहरे लाल रंग की साड़ी मे। सिन्होरा हाथ में लिए बड़ी बड़ी आँखों से अश्रुधार बहाती उन्हीं को याचना भरी नज़रों से ताक रही थी। अचानक मिसिर जी के मन में न जाने क्या आया, उसे कंधे से पकड़ कर उठाया, सिंदूर लिया और उसकी मांग भर दी। एक पल को बड़े बुजुर्गों की तो समझ में ही नहीं आया कि हुआ क्या? फिर लोगों के बतियाने की आवाजें तेज़ होने लगीं। ज़्यादातर ब्राह्मण बिरादरी के लोग इसे गलत बता रहे थे। उधर सिंदूर पड़ गया तो लाजवंती मिसिर जी के चरण स्पर्श

किए और लोग उसे उसके घर लेकर चले गए। कर अपने घर चली गयी। इधर बारात देर हो रही थी तो कुछ लोग आगे चलने को भी कहने लगे। खैर, थोड़ी हील हुज्जत के बाद बारात चली। वहाँ तिवारी जी के यहाँ सारी खबर पहुँच गयी थी पर वक़्त की नज़ाकत देखते हुए



विधि विधान से विवाह सम्पन्न हुआ और कनिया दुल्हन विदा होकर अपनी ससुराल आ गयी।

